# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बी डी- सी सी /06 दिनांक : 31 दिसंबर, 2020

## प्रेस विज्ञप्ति

## बीडीएल ने आकाश निर्यात कार्यदिश को लेकर कदम आगे बढ़ाया



**आकाश अस्त्र प्रणाली**

केंद्र मंत्रालय से आकाश अस्त्र प्रणाली निर्यात के लिए अनापत्ति घोषित किये जाने के बाद आकाश मिसाइल की विनिर्मता भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने निर्यात आदेश प्राप्त करने में कदम आगे बढ़ाया। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में निर्यात के लिए सक्षम रूप से आकाश की बढ़ती हुई माँग से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के विभिन्न मंच पर इस उत्पाद के विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया है. बीडीएल, विदेश के लिए टॉरपिडोस की आपूर्ति कर रहा है.

डी आर डी ओ द्वारा 96% देशीकृत साधन से अभिकल्पित और विकसित आकाश अस्त्र प्रणाली बीडीएल की हैदराबाद इकाई द्वारा विनिर्मित की जा रही है। इसकी आपूर्ति श्रृंखला पार्टनर में डी पी एस यू, एम एस एम ई और प्राइवेट उद्यम शामिल है। आकाश मिसाइल, अधिकतम 25 कि.मी. की दूरी और 18 कि.मी. की ऊँचाई तक हवाई खतरे पर मार करने की क्षमता रखती है और इसकी तेजी 1.8 से 2.5 मॉक है। कई संदर्भों में मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया और अपने वर्ग के मिसाइलों के वैश्विक मानक को पूरा करती है.

बीडीएल द्वारा तैयार की गयी आकाश मिसाइल के लिए पहले ही भारतीय थल सेना के साथ-साथ भारतीय वायू सेना के पूँजी निवेशकों में हैं और दृढ़ता के साथ सफलतापूर्वक परीक्षण फायरिंग परिणाम हासिल किया। उत्पादन में कंपनी अपनी उच्चतम गुणता स्तर हासिल करने और ग्राहकों को मदत करने में प्रतिबद्धता जताती है।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) सी एम डी, बीडीएल ने बताया की 'कंपनी ने आकाश अस्त्र प्रणाली के लिए निर्यात आदेश प्राप्त किए हैं। भारत सरकार से निर्यात कार्य-आदेश प्राप्त करने के बाद बीडीएल अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में ग्राहकों की श्रेणी में अपना स्थान रखा। भारतीय थल सेना की आवश्यक्ताओं के साथ निर्यात माँग को पूर्ति करने में जैसाकि बीडीएल ने कम से कम उत्पादन क्रियाएँ संस्थापित किया हैं।

---XXX---